संक्षिप्त

विप्र समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

मालपुरा। विप्र फाउण्डेशन के तत्वाधान मे आज मालपुरा मे तहसील स्तरीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन। संगठन के तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि समारोह मे शिक्षा,खेल के साथ-साथ राजकीय सेवा मे अव्वल रहै विप्र समाज की 181 प्रतिभाओं का आज समाज के मंच पर किया जायेगा सम्मान।

इन्द्र ध्वज महामंडल विधान का समापन

मालपुरा। पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मालपुरा मे चल रहै अष्टान्हिका महापर्व का समापन शनिवार को इन्द्र ध्वज महामंडल विधान के साथ हुआ। एक सो पांच विष्णु प्रभा माताजी व आर्यिका सुरम्य मति माताजी ससंघ के सानिध्य मे शनिवार को शांति महायज्ञ के साथ श्रीजी को रथ मे विराजमान कर शहर मे विशाल जुलुस निकाला गया जो कि नगर भ्रमण कर पुन: जैन मंदिर पहुंच भगवान के मुख्यवेदी मे विराजित होने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बडी संख्या मे जैन समाज के महिला-पुरूष मौजूद रहै।

आधार अपडेट का कार्य शुरू

निवाई। निवाई डाकघर में आधार अपडेट का कार्य शुरू हो गया है। निवाई उप डाकपाल रामलाल मीणा ने बताया कि डाक अधीक्षक टोंक केके शर्मा के निर्देशानुसार डाकघर में आधार अपडेट का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र के शुरू हो जाने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आधार में संशोधन करवाने में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवॉर्ड मिला

निवाई। स्टेट अवॉर्डी शिक्षक टीकाराम राजवंशी एवं महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय बनेठा के शिक्षक हंसराज तँवर को राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए शिक्षक दर्पण द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में संस्थापक नूरुल होदा द्वारा दिया गया है। पूर्व में भी इन शिक्षकों को कई सम्मान मिल चुके है। संस्थापक ने बताया कि देशभर के नवाचारी शिक्षकों को यह सम्मान उनकी असाधारण शिक्षण क्षमताओं, समर्पण और शैक्षिक नवाचारों के लिए दिया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं से अपना नवाचारी कार्य निरंतर करते रहने का आ ान किया। ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रेरक गीत का आयोजन भी हुआ। शिक्षकों ने नवाचार व राज्य सरकार की शिक्षण योजनाओं को एक दूसरे से साझा किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता कल से

पीपलू। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पीपलू में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 18 से 20 नवम्बर तक आयोजित होगी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा ने 12 शारीरिक शिक्षकों को कार्य व्यवस्थार्थ 20 नवम्बर तक प्रतियोगिता स्थल पर नियुक्त रहने के आदेश जारी किए है।

मत्स्य उत्सव 25 से, शोभायात्रा 26 को

अलवर। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से 25 से 27 नवंबर तक मत्स्य उत्सव मनाया जाएगा। इस बार मत्स्य उत्सव का शुभारंभ 25 नवंबर को भानगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के साथ होगा। 26 नवंबर को शोभायात्रा व 27 नवंबर को म्यूजिकल नाइट के साथ समापन होगा। पर्यटन विभाग के अनुसार 25 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक भानगढ़ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन होगा 26 नवंबर को सुबह 7.30 बजे कंपनी बाग में योगा के साथ होगी। सुबह 10 बजे पुराना सूचना केंद्र में अतुल्य अलवर कार्यक्रम के तहत मेहंदी, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।

जिला कारागृह का निरीक्षण किया

बौंली-बामनवास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) देवेंद्र दीक्षित ने 16 नवंबर शनिवार को सवाई माधोपुर जिला कारागृह का आकस्मिक मासिक निरीक्षण किया।

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने पर चार गिरफ्तार

सांभरझील। सोशल मीडिया पर हथियार के साथ स्टोरी / रील / फोटो अपलोड कर आमजन में भय उत्पन करने पर पुलिस थाना नरेना ने चार जनों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों आरोपी रणजीत गुर्जर पुत्र जगमाल गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 26 साल निवासी बुहारु थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर,

- **थानाधिकारी नरेना जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में टीम गठित कर सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने व पोस्ट करने पर अभियान के तहत गिरफ्तार किया**

व नारायण पुत्र रमेश गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 20 साल निवासी बुहारु थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर, रणजीत गुर्जर पुत्र मोतीलाल गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 27 साल निवासी बुहारु थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर, राहुल गुर्जर पुत्र लक्ष्मीनारायण गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 20 साल निवासी बुहारु थाना बांदरसिंदरी जिला अजमेर के रहने वाले हैं। आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा अपराधो की रोकथाम व अपराधियो की धरपकड हेतु निर्देश फरमाये जाने पर रजनीश पूनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), अनुपम मिश्रा, वत्ताधिकारी वृत सांभरलेक के सुपरविजन में दिपील सिह, थानाधिकारी नरेना जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में टीम गठित कर सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने व पोस्ट करने पर विशेष अभियान के तहत इन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

नरेना पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया।

विशाल भजन संख्या का हुआ आयोजन

टोंक। गत रात्रि टोंक शहर के निजी मैरिज गार्डन में समाजसेवी दिनेश कुमार अमित कुमार एवं महिला मोर्चा टोंक की पूर्व जिला अध्यक्ष बीना जैन छामुनिया एवं छामुनिया परिवार एवं श्री श्याम मंदिर प्रबंध समिति के पावन सानिध्य में एक विशाल श्री श्याम भजन संध्या का सफल एवं भव्य आयोजन हुआ। भजन संध्या की शुरुआत श्री श्याम परिवार टोंक के संजय अग्रवाल द्वारा गणपति वंदना के साथ की गई, तत्पश्चात दिल्ली से पधारी भजन गायक निशा शर्मा एवं जयपुर से पधारे भजन प्रवाहक गोविंद शर्मा द्वारा बाबा श्याम के भजनों की शुरुआत की गई। तत्पश्चात गौऋषि संत प्रकाश दास महाराज किवाड़ा धाम द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। महाकाल मंदिर पुजारी आकाश महाराज, सांवरिया सेठ मंडफिया पुजारी भगवानदास एवं हिमांशु महाराज ,बांके बिहारी पुजारी लवेश गोस्वामी महाराज, सालासर धाम पुजारी अनुज पुजारी महाराज, कोटडी श्याम पुजारी सत्यनारायण पाराशर महाराज, हरभावता पीठ स्वामी बालकानन्द महाराज, देवी उपासक पंडित राजकुमार शर्मा, डिग्गी कल्याण पुजारी लेखराज रोहित, बालकिशन दास महाराज सहित कई संतो के आगमन ने भजन संध्या के आयोजन को दिव्यता प्रदान की।

'रीडिंग कॉर्नर से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास'

टोंक। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन टोंक में चल रहे पुस्तक महोत्सव में शनिवार तीसरे दिन शिक्षा साहित्य और संवाद के तहत रेडिंग कॉर्नर पर वार्ता हुई। जिसमें दिलीप चुग के संयोजन में टोडारायसिंह ब्लॉक के शिक्षक गोपाल, पीपलू ब्लॉक के मुकेश, टोंक ब्लॉक की मीनू, निवाई ब्लॉक के टीकाराम ने रीडिंग कॉर्नर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षक साथियों द्वारा बाल साहित्य के रचनात्मक इस्तेमाल पर अपने अनुभव विचार साझा किए गए। शिक्षकों ने अपने विद्यालय में रीडिंग कॉर्नर एवं बाल साहित्य पर किए गए कार्य अनुभव को साझा किया। बच्चों के साथ बाल साहित्य पर आयोजित गतिविधियों से बच्चों में पढ़ने लिखने की दक्षताएं विकसित हुई हैं एवं बच्चे आत्मविश्वास के साथ प्रार्थना सभा में भी अपने विचार व्यक्त करने लगे हैं। सप्ताह में तीन से चार बार बच्चों को बाल साहित्य की पुस्तक नियमित रूप से उपलब्ध करवाई जा रही है। इन प्रक्रियाओं से कक्षा 1, 2 के छोटे-छोटे बच्चे भी कुछ कहानी पुस्तक पढ़कर पढ़ना लिखना सीख रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक मीटिंग का आयोजन

चौमू / कालाडेरा, (निंस)। भारतीय जनता पार्टी भाजपा देहात मण्डल कालाडेरा की मीटिंग का आयोजन राम दरबार मन्दिर कालाडेरा और देहात मण्डल गोविन्दगढ की मीटिंग का आयोजन ब्राइटमून टी टी कॉलेज गोविन्दगढ में किया गया।

भाजपा देहात मण्डल कालाडेरा की मीटिंग सदस्यता संगठन पर्व मण्डल प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा और सह प्रभारी गौरव यादव की अगुवाई में आयोजित हुई तथा देहात मण्डल गोविन्दगढ़ की मीटिंग का आयोजन पंचायत राज प्रकोष्ठ भाजपा राजस्थान प्रदेश संयोजक व सदस्यता पर्व मण्डल प्रभारी रघुवीर चौधरी की अगुवाई में आयोजित की गई। मीटिंग में पधारे सभी कार्यकर्ताओं का तिलक कर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई।

मीटिंग में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा मण्डल प्रभारियों द्वारा बूथ संरचना के लिए दोनों मण्डलों में सहयोगियों की नियुक्तियां की। देहातमण्डल कालाडेरा मे नाथूराम जाट, गोपाल डेनवाल, सरदार जाखड़, रमेश शर्मा, मोहनलाल यादव, शंकरलाल रेगर, तेजपाल मीणा, भंवरलाल देवंदा, मोहनलाल बुनकर को तथा देहात मंडल गोविन्दगढ में राजेन्द्र बलवत, मालीराम शर्मा, किस्मत सिंह, मुकेश चोपड़ा, नंदलाल कुमावत, लालचंद यादव, शिव शर्मा को बूथ सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया है। मीटिंग का समापन देहात मण्डल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा और गोविन्दगढ़ मण्डल महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया। इस मोके पर पूर्व प्रधान महेश मीणा, सरपंच गौरीशंकर नेतड, धर्मेंद्र यादव, मोहनलाल यादव, सोहन लाल कुमावत, लालचंद बुनकर, सुशील शर्मा, हनुमान खोज, कमल सिंह, भगवान फ़ोजी, मोहन नायक, दीपक बोहरा, तोफान मीना, नेमीचंद शर्मा, रामू बागडा, भगवान कुमावत, रामेश्वर बिरानिया, राजकुमार सैनी, प्रहलाद सेरावत, तपेंद्र सिंह, सीताराम रोलानिया, जगदीश करीरा, बद्री बागडा, मुकेश पंचोली सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मीटिंग का आयोजन मण्डल प्रभारी रघुवीर चौधरी की अगुवाई में आयोजित की गई।

- **भाजपा देहात मण्डल कालाडेरा और गोविन्दगढ के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन हुआ**

श्री श्याम जन्मोत्सव मेले में टीम स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने की सफाई

कोटपूतली। कोटपूतली से टीम अखिल भारतीय स्वच्छता सेवा दल ने खाटू श्याम के जन्मोत्सव मेले में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाते हुये सफाई की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू माली ने जानकारी देते हुये बताया कि खाटू श्याम में आये सभी सेवादारों व अलग-अलग शहरों की संस्थाओं के सभी कार्यकर्ता ने मिलकर सेवा कार्य किये।

कोटपूतली टीम के संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि टीम के साथियों ने सूझ बूझ और धैर्य के साथ सेवा कार्य को सफल बनाया एवं श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में सफाई के कार्य किये। टीम के सदस्यों द्वारा इस तरह विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते रहते है। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में समाज को जोडने का संदेश जाता है यह सभी सामाजिक और राजनीतिक, व्यापारिक दानदाताओं व स्वयंसेवको की वजह से संभव हो पाता है। टीम अखिल भारतीय स्वच्छता सेवा दल का श्री खाटू श्याम जी मंदिर कमेटी एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा हमेशा अच्छा सहयोग मिलता रहा है। पिछले 08 वर्षो से टीम स्वच्छता सेवा दल सेवा के कार्य कर रही है। इस दौरान बबूल मीणा, राजेश यादव, गिरवर शर्मा, पिंटु यादव, बजरंग लाल सैनी, रवि वर्मा, गणेश, हेमंत राजपूत व अश्विनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेवा कार्य करते टीम स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ता।

कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़े : तंवर

कोटपूतली। भाजपा नगर व उत्तर मंडल की संगठन पर्व कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। नगर मंडल कार्यकर्ताओं की कार्यशाला राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में विधानसभा चुनाव सह प्रभारी विक्रम सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तंवर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोडना है व संगठन को मजबूत करना है। नगर मंडल संयोजक अरुण सैनी ने बताया कि नगर में 03 शक्ति केंद्र व 28 बूथ है। जिन पर प्रभारी तय कर लिये गये हैं। प्रभारी अपने बूथ के क्षेत्र के अनुसार कार्यकर्ताओं को जोडने का कार्य करेंगे। जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला ने अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने की बात कही। इस दौरान मंडल सहयोगी गौरव यादव, उपप्रधान प्रतिनिधि एड. राजेंद्र रहीसा, भाजपा नेता जयराम गुर्जर समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार उत्तर मंडल की कार्यशाला ग्राम सांगटेड़ा स्थित पीला जोहड़ मंदिर में जिला संगठन पर्व सहयोगी पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, उत्तर मंडल के संगठन पर्व सहयोगी रविश खटाणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। इस दौरान सदस्यता अभियान जिला संयोजक गोपाल अग्रवाल, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री एड. सूबेसिंह मोरोडिया, पूर्व जिला मंत्री यादराम जागल, सदस्यता अभियान के विधानसभा संयोजक जयराम गुर्जर, मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक सोनू चौधरी, एड. चेतराम रावत, सांवत रावत, राजपाल डोई, शेरसिंह यादव, गुलझारी लाल यादव, दिनेश कमांडेंट, दुलीचंद जाट, अशोक मान, रघुवीर भारद्वाज, दाताराम रावत, विजय सिंह, झाबरमल रावत, भागीरथ दौराता, हरदान फागणा आदि मौजूद रहे।

गुरु नानक देव के जन्मोत्सव पर अटूट लंगर प्रसादी वितरण की और जमकर आतिशबाजी हुई

देवली, (निसं.)। यहां कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी ने कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम 11 दिनों तक नगर कीर्तन के साथ प्रभात फेरी शहर भर में निकाली गई। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो साध संगत शामिल रहे। कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता गोविंद सिंह सेठी ने बताया कि गुरु के प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा दरबार में श्री अखंड पाठ रखवाया गया। तो वहीं नानक नाम लेवा संगत की महिलाओं द्वारा 11 दिनों तक श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ भी किए गए। जिनकी समाप्ति श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर हुई । इस मौके पर गुरुद्वारा ग्रंथी ने कीर्तन दरबार सजाया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सुख समृद्धि की अरदास की। यहां गुरुद्वारा ग्रंथी त्रिलोक सिंह ने साथ संगत को श्री गुरु नानक देव जी के मार्गदर्शन करवाएं और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गुरु के मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया। इस उपरांत दोपहर 1:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक साध संगत के बीच अटूट लंगर प्रसादी वितरण की गई।

गुरु पर्व के उपलक्ष पर बालक बालिकाओं और महिलाओं के बीच दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। गुरु के इस पुण्य कारज में गुरुद्वारा कमेटी प्रधान परमजीत सिंह सुरी उप प्रधान भगवान दास सेठी संरक्षक सुभाष मनचंदा मनजीत सिंह काका कोषाध्यक्ष अमर दास बिलोची डॉ गुरमीत सिंह सेठी प्रितपाल सिंह सलूजा शालू मनचंदा हरिदास बीलोची मोहन लाल बिलोची खुशवीर सिंह आनंद सचिन सचदेवा गोल्डी पंजाबी सोनू पंजाबी सर्वजीत सिंह आनंद लालचंद धर्मानी विनोद धर्मानी परमजीत बीलोची हरीश माधवानी सन्नी माधवानी पीयूष खत्री पंकज रुपेता अशोक बिलोची सहित सैकड़ो गुरु घर के सेवक उपस्थित रहे जिन्होंने गुरु के पुण्य कार्य में बढ़ चढ़कर सेवाएं दी।

गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

टोंक। विधानसभा उपचुनाव-2024 (देवली-उनियारा) के तहत 23 नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शनिवार को मतगणना स्थल (राजकीय पी.जी. महाविद्यालय) बहीर रोड़ का निरीक्षण किया।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना कक्षों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल पर स्थापित सीसीटीवी समेत संपूर्ण परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए कमरों को व्यवस्थाओं को जांचा एवं फर्नीचर, बिजली, पेयजल, जनरेटर एवं सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

सार-समाचार

क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज

मनोहरपुर। कस्बे के नवलपुरा ग्राम पंचायत के खेल मैदान में रविवार को दोपहर 3 बजे से आईकेएम की ओर से आयोजित होने वाली आरपीएल डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। राज यादव ने बताया कि शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कर्नल राठौड़ होंगे व अध्यक्षता सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेंद्र सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि रमा चोपड़ा जिला प्रमुख, अंकित चेची प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी, भाजपा नेता उपेन यादव,सरपंच सीता देवी ,आदिल खान होगे। प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम को 2 लाख 51000 और आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी व उपविजेता टीम को 100000 का एक नगद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी। उद्घाटन के मुख्य आकर्षक गायक अजय हूडा और उनकी टीम जिसमें एचडी ग्रुप से पूरण यादव , एचडी ब्रिक्स से मुकेश बाडीगर, स्काई वोल्ट से रमेश यादव और रमेश कुमावत होगे। प्रतियोगिता को लेकर आसपास के क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है वहीं दूसरी ओर आयोजकों खेल मैदान तैयार करने का कार्य जोरो पर है । मैदान के चारों और रंग-बिरंगी लाइट लगाई गई है। ओर प्रत्येक चौकी छक्के लगे पर डीजे की धुन पर स्वागत किया जाएगा। राज यादव ने बताया कि इस दौरान बनवारी लाल यादव पंचायत समिति सदस्य,शंकर लाल यादव पूर्व उप प्रधान,बंशीधर यादव पूर्व सरपंच, बलवीर यादव,मुकेश खातोदिया सहकारी समिति अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे।वही इस प्रतियोगिता में लाइव फेसबुक पेज ओर यूट्यूब चैनल राज क्रिकेट फॉरएवर पर प्रसारण होगा। प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति के सदस्य राज यादव ,राजेंद्र चौधरी ,विक्की दीवाना,रॉकी यादव,वीरकमल आदि मौजूद रहेगे।

कैमरे में कैद हुई बाइक चोरी की घटना

पावटा। वाहन चोरी की घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे रहे चोर, वाहन चोरों की सक्रियता ने खोली पुलिस की कलई, पावटा कस्बा पावटा सहित आस पास के क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय है। प्रतिदिन कस्बे के प्रागपुरा थाना क्षेत्र मे कम से कम एक बाइक जरूर चोरी हो रही है। अचरज की बात तो यह है कि जो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं, उन तक को पुलिस तलाशने में विफल है। पुलिस की विफलता से चोरों की हौसला अफजाई हो रही है। यही वजह है कि वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ रही हैं। फिर भी चोरों की सक्रियता को लेकर पुलिस सजग नहीं है। वाहन चोर गिरोह पर पैनी नजर न होने के कारण वाहन चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्राम बडनगर के रहने वाले सीए शंकरलाल पुत्र मातादीन यादव ने प्रागपुरा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 नवंबर को उनकी बाइक सी एच सी कट के सामने जयपुर रोड भूमिका प्लाजा स्थित सीए ऑफिस के नीचे खडी थी। रात करीब 10 11.30बजे के बीच चोरी कर ली गई। बाइक चोरी की पूरी घटना वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी पुलिस न तो वाहन का पता लगा पाई और न ही चोरों की। चोरी की घटनाओं के बाबत विराटनगर डीवाईएसपी शिप्रा राजावत ने बताया कि गिरोह की पहचान व उसे दबोचने के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। पूर्व में भी पुलिस ने चोरों के कई गिरोह को गिरतार करके जेल भेजा है। वाहन चोरों की पहचान हो रही है। जल्द ही बडे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

सरपंच पर कार्रवाई के लिए दिया ज्ञापन

नारायणपुर। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलाली में ग्राम पंचायत सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से ग्राम पंचायत की गैर मुमकिन आबादी भूमि को अपने चहेते लोगों के खाली भूखण्ड के आवासीय पट्टे जारी करने का मामला सामने आया हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसडीएम को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की हैं। ज्ञापन के मुताबिक ग्राम पंचायत बिलाली में ग्राम पंचायत सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी ने भू-माफियाओं से मिलीभगत करके ग्राम पंचायत बिलाली की आबादी भूमि खसरा नंबर 1104 रकबा 7.7100 हैक्टेयर जो कि मौके पर पड़त हैं। जो भूमि अन्य सरकारी संस्थाओ के लिए रिजर्व रखी हुई हैं। जिस खाली आबादी भूमि में सरपंच ने अपने चहेते लोगों से भारी रकम वसूल करके विधि विरुद्ध खाली भूमि के आवासीय पट्टे जारी कर दिए। जिससे राजकोष को भारी नुकसान हुआ हैं। ये लोग पूर्व से ही ग्राम पंचायत की खाली पड़ी जमीनों पर भू-माफियाओं से मिलीभगत करके पैसे कमाने के लिए ऐसे कृत्य कर रहे हैं। जिससे ग्राम पंचायत बिलाली में अन्य किसी सरकारी संस्था के लिए जमीन शेष नहीं रही हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष हैं। इधर ग्राम विकास अधिकारी निर्मल शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत ने लीगल प्रक्रिया के तहत पट्टे जारी किए हैं। इस मामले में उपखंड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि पैमाईश के आदेश दिए गए हैं। यदि पट्टो में गलती पाई गई तो विकास अधिकारी से जांच करा ली जाएगी।

महिला के नाक से सोने की बाली चोरी

मालपुरा, (निस)। मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत कांटोली पंचायत के कालाभाटा गांव से नुकीले हथियार की नोंक पर शातिर बदमाशो ने महिला के नाक से सोने की बाली लूट ले जाने की वारदात को दिया अंजाम। उपखण्ड क्षैत्र मे लचर कानून व्यवस्था का बेजा फायदा उठाते हुये शनिवार को कालाभाटा गांव निवासी बुजुर्ग महिला अमरी देवी गुर्जर को अज्ञात बदमाशो ने नुकीला हथियार दिखा नाक मे पहनी सोने की बाली लूट की वारदात को अंजाम देने से क्षैत्र मे सनसनी फैल गई। लगातार एक के बाद एक हो रही लूट की वारदातो से लोग दहशत के सांये मे सहमे हुये है। पूर्व मे भी इसी प्रकार लूट की वारदाते होने के बावजूद पुलिस बाली चोर गिरोह का खुलासा करने व लूटेरो की गिरफ्तारी मे सफलता हासिल नही कर पाई है। आखिर एक के बाद एक हो रही बाली व मुर्की लूट की वारदातो के बावजूद पुलिस को क्यों नही मिल रही सफलता। यह सारे सवाल आमजन की जुबान पर सुनने को मिल रहै है। लेकिन पुलिस के कानो पर जूं तक नही रैंक रही है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया

मनोहरपुर। भाजपा नेता जमील खान चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन से ही भारत में प्रेस परिषद ने कार्य करना शुरू किया था। तब से लेकर प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह शब्द जमील खान चौहान ने कहा कि यह दिन भारत के स्वतंत्र और ज़िम्मेदार पत्रकारिता को समर्पित है भारत का संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि इसलिए 16 नवंबर देश में जिम्मेदार और स्वतंत्र प्रेस का प्रतीक है। जो लोग इसे संजोते हैं, वे इस दिन को याद करते हैं। इस अवसर पर पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए और इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया गया तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व में आज लगभग 50 देशों में प्रेस परिषद या मीडिया परिषद है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस, प्रेस की स्वतंत्रता एंव जिम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है।

एक रुपया लेकर की शादी

शाहपुरा। शाहपुरा क्षेत्र के ग्राम बोबाड़ी हाल निवासी शाहपुरा के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ बनवारी लाल जीजवाडिया अपने छोटे भाई के लड़के की शादी मनीष व्याख्याता भूगोल की गीता धायल व्याख्याता राजनीति विज्ञान के साथ 12 नवंबर को संपन्न हुई। जिसमें लग्न में शगुन के रूप में 1 रुपया तथा विदाई में 1 रुपया एवम् कोई दहेज नही, कोई वस्त्र नहीं के साथ सम्पन्न की गई। भात कार्यक्रम में भी भातीयो से शगुन का1 रुपया लेकर भात की रस्में पूरी की गई। पूर्व में भी प्रोफेसर बनवारी लाल जिंजवाडिया ने अपनी दोनों पुत्रियों की शादी शगुन के 1 रुपया व बिना दहेज के साथ संपन्न कर संपूर्ण समाज के लिए एक मिशाल प्रस्तुत की थी तथा दोनों पुत्रियों की शादी में दोनों ही बार भातीयो से शगुन का 1 रुपया लेकर भात की संपूर्ण रस्में पूरी की थी, इन्होंने बिना दहेज बिना लेन देन बिना ना ही भात में किसी तरीके का रुपया लेकर संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श मिसाल प्रस्तुत करते रहे है।

विशाल भण्डारा आज

निवाई। गांव पहाडी में नाडी बालाजी महाराज के मंदिर में कार्तिक मास को लेकर सवा माह तक रामायण जी व सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन हुआ। जिसका समापन शनिवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में कई अनुष्ठानों आयोजन करके पूर्णाहूति के साथ संपन्न किया गया। श्रद्धालु रंगलाल ने बताया कि पूर्णाहूति के साथ महंत दिनेश दास नागा महाराज व विद्वान ब्राह्मणों का सम्मान करके दक्षिणा दी गई। उन्होंने बताया कि सवा माह रामायण जी व सुन्दर काण्ड के पाठ के समापन को लेकर रविवार को महंत दिनेश दास के सानिध्य में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें आस पास के गांवों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।